# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

**1 Aug 2023**




**B.N. Dubey**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna
Contact : 9431436233, 9304291333

## 1 अगस्त का इतिहास

- **1831 :** नए लंदन ब्रिज को यातायात के लिए खोल दिया गया।
- **1920 :** महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्त केसए ए हिंद पुरस्कार को लौटाया।
- **1920 :** महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन की शुरूआत की।
- **1916 :** स्वतंत्रता सेनानी तथा आयरन लेडी के नाम से मशहूर श्रीमती एनी बेसेंट ने बाल गंगाधर तिलक के सहयोग से होम रूल लीग के अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी के साथ मिलकर होम रूल लीग आंदोलन की शुरूआत की।

## 1 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- टाटा स्टील ने टीवी नरेंद्रन को पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए कंपनी का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया हैं। कंपनी ने शेयर बाजारो को दी गई सूचना में कहा कि नरेंद्रन का नया कार्यकाल 19 सितंबर से शुरू होगा। उनका मौजूदा कार्यकाल 18 सितंबर को खत्म होने वाला हैं।
- स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने मानसिक स्वास्थ्य को संस्थाओं से परे ले जाना विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्धघाटन किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना है। सम्मेलन के दौरान मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान पर आगे की राह पर भी चर्चा की जाएगी।
- लोकसभा ने जैव विविधता संशोधन विधेयक पारित किया। जैविक विविधता विधेकय 2021 लोकसभा से पारित हो गया हैं। यह जैविक विविधता अधिनियम 2002 में संशोधन करेगा। अनुसंधान और औषधीय पौधों के खेती को बढ़ावा देने के लिए 2002 के जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन किया जा रहा हैं। विधेयक संहिताबद्ध पारंपरिक ज्ञान के उपयोगकर्ताओं और आयुष चिकित्सकों को स्थानीय समुदायों के साथ लाभ साझा करने से छूट देगा।
- नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मध्य प्रदेश के खजुराहों में हेली शिखर सम्मेलन 2023 का उद्धघाटन किया। सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान आरसीएस उड़ान 5.2 और हेली सेवा ऐपको भी लॉन्च किया हैं। इस 5वें हेलीकॉप्टर एवं लघुविमान शिखर सम्मेलन का आयोजन नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश सरकार, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंडइंडस्ट्री के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने अपनी पहली महिला पुलिस स्टेशन की स्थापना के साथ एक महत्वपूर्ण अवसर को चिन्हित किया हैं। इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और क्षेत्र के भीतर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हैं।
- संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एमईआरएस कोरोनावायरस का एक नया मामला दर्ज किया हैं।
- भारत का पहला मत्स्य पालन अटल ऊष्मायन केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज में स्थापित किया जाएगा। नीति आयोग ने मत्स्य पालन में भारत का पहला अटल इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज को 10 रूपये दिए हैं। यह मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देगा। मछली प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख राधिका राजश्री, प्रमुख अन्वेषक के रूप में इस परियोजना का नेतृत्व करेंगी।
- संसद ने संविधान आदेश विधेयक पारित किया। छत्तीसगढ़ में कुछ समुदायों को एसटी श्रेणी में शामिल करने के लिए संसद ने संविधान आदेश विधेयक पारित किया। यह विधेयक संविधान आदेश 1950 में संशोधन करेगा। विधेयक में छत्तीसगढ़ में धनुहर, धनुवार, किसान, सौंरा, सोनराऔर बिंझिया समुदायों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है।
- इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने कहा कि अकीरा नाम का एक रैंसमवेयर ऑपरेशन कथित तौर पर साइबरस्पेस में सक्रिय हैं। सीईआरटी-इन ने इंटरनेट यूजर्स को दी गई ताजा एडवाइजरी में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि वह अकीरा पहले पीड़ितों से जानकारी चुराता है, फिर उनके सिस्टम पर डेटा एन्क्रिप्ट करता है। इसके बाद यह पीड़ित को फिरौती देने के लिए मजबूर करने के लिए दोहरी जबरन वसूली करता है।
- पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह सम्मेलन केंद्र परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। यह आईईसीसी परिसर नई दिल्ली के प्रगति मैदान में है। इसे लगभग 2700 करोड़ रूपये की लागत से एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में विकसित किया गया था।
- वित वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत पांच करोड़ से अधिक जॉब कार्ड रद्द कर दिए गए, जो 2021-2022 की तुलना से 247 प्रतिशत अधिक हैं। ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह कहा कि फर्जीवाड़ा, डुप्लिकेट जॉब कार्ड, काम करने की इच्छा नही होना, परिवार के ग्राम पंचायत से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो जाने या मृत्यु जैसे कारणों से नाम हटाए गए है।

BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 अगस्त (B) 2 अगस्त
(C) 3 अगस्त (D) 4 अगस्त

**(A)** हर साल 1 अगस्त को राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस मनाया जाता हैं। पर्वत वे-भू आकृतियाँ हैं जिनकी ऊंचाई उनके आसपास के क्षेत्र से कम से कम 1000 फीट या इसे अधिक होती हैं। राष्ट्र के के लिए पहाड़ों का भौगोलिक महत्व है क्योंकि वे प्राकृतिक सीमाओं के रूप में कार्य करते हैं।



**2. सरकार मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देशव्यापी कार्यक्रम कब तक आयोजित करेगी ?**

(A) अगस्त (B) सितंबर
(C) अक्टूबर (D) दिसंबर

**(A)** केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया हैं। इस अभियान के तहत अगस्त में देश के विभिन्न हिस्सों से मिट्टी एकत्र की जाएगी और इन मिट्टी का उपयोग कर्तव्य पथ के किनारे एक उद्यान विकसित करने के लिए किया जाएगा। पंचायत स्तरीय कार्यक्रम 9 से 15 अगस्त तक आयोजित किये जाएंगे।



**3. हाल ही में आईएमएफ ने भारत की वित वर्ष 2024 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 20 आधार अंक बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया है ?**

(A) 2.5% (B) 3.9%
(C) 5.10% (D) 6.1%

**(D)** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2023 के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि के पूर्वानुमान को भी 20 आधार अंकों से संशोधित कर 3% कर दिया हैं। आईएमएफ ने वित वर्ष 2023 की मार्च तिमाही में उम्मीद से अधिक मजबूत विकास गति का हवाला देते हुए भारत की वित वर्ष 2024 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ा दिया है।




**4. हाल ही में कौन दुनिया की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा?**

(A) रोम (B) गोवा
(C) पेरिस (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय राज्य गोवा को पुरूषों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता रूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए चुना गया हैं। यह प्रसिद्ध कार्यक्रम 5 अगस्त को बोगमैलो बीच रिजॉर्ट में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल के साथ होगा। अगस्त के महीने में गोवा रूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता के 19वें सीजन के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों से 32 सबसे सुंदर, करिश्माई ओर प्रतिभाशाली पुरूषों का स्वागत करेगा।



**5. हाल ही में अमित शाह ने सीआईएसएफ कवर के तहत कितने हवाई अड्डों के लिए केंद्रीकृत सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्धघाटन किया ?**

(A) 30 (B) 47
(C) 56 (D) 66

**(D)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आधिकारिक तौर पर नई दिल्ली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा स्थापित एक केंद्रीकृत विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्धघाटन किया। इस पहल के पीछे प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करना हैं। एएससीसी वर्तमान में सीआईएसएफ के सुरक्षा कवरेज के तहत 66 नागरिक हवाई अड्डों से संबंधित सभी संभावित खतरों और सोशल मीडिया गतिविधि की निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा।

BABA PSYCHO

6. **हाल ही में टाटा मोटर्स ने किसे अध्यक्ष और सीडीआईओ नियुक्त किया है ?**

(A) राजेश कन्नन (B) राकेश पाल

(C) सतपाल भानू (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** टाटा मोटर्स ने अध्यक्ष और मुख्य डिजिटल और सूचना अधिकारी के रूप में राजेश कन्नन की नियुक्ति की घोषणा की हैं। कंपनी ने स्टॉक नियामक फाइलिंग में कहा कि नियुक्ति 1 अगस्त 2023 से प्रभावी होगी। टाटा मोटर्स लिमिटेड में शामिल होने से पहले वह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड के साथ काम कर रहे थे।




7. **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित वर्ष 2022-2023 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि खाते के लिए कितने प्रतिशत ब्याज दर की घोषणा की है ?**

(A) 5.25% (B) 7.18%

(C) 8.15% (D) 9.5%

**(C)** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित वर्ष 2022-2023 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि खाते के लिए 8.15% ब्याज दर की घोषणा की हैं। इस ब्याज दर को वित वर्ष 2022-2023 के लिए आधिकारिक ब्याज दर बनाने के लिए वित मंत्रालय की और से अधिसूचित किया जाएगा, उसके बाद ही ईपीएफ सदस्यों के खाते में नए ब्याज दर के हिसाब से राशि जमा की जाएगी।

8. **19वीं एशियाई महिला चैंपियनशिप के लिए भारतीय राष्ट्रीय महिला वॉलीबॉल टीम का कोच किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) रवीन्द्र बंशटू (B) सैली जोसेफ

(C) मिनिमोल अब्राहम (D) अश्वनी किरण

**(A)** रवींद्र बंशटू को 19वीं एशियाई महिला चैंपियनशिप के लिए भारतीय राष्ट्रीय महिला वॉलीबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया हैं। चैंपियनशिप 22 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझू में आयोजित की जाएगी। बंशटू वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के खेल विभाग में कोच के पद पर कार्यरत है।



9. **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण किस मंत्रालय से संबंद्ध है ?**

(A) पर्यटन मंत्रालय (B) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

(C) गृह मंत्रालय (D) संस्कृति मंत्रालय

**(D)** हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पुरातात्विक अनुसंधान और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिये भारत का एक प्रमुख संगठन हैं। यह संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्य करता हैं।

10. **टेली मानस हेल्पलाइन किसकी पहल है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(C) नीति आयोग (D) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**(B)** हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टेली-मानस हेल्पलाइन को अक्टूबर 2022 में लॉन्च होने के बाद से दो लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। इसका उद्देश्य पूरे देश में चौबीस घंटे मुफ्त टेली मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हैं।

Contact : 9431436233, 9304291333